क्रमांक-1

# मध्यप्रदेश विधान सभा

## संक्षिप्त कार्य विवरण (पत्रक भाग-एक)

## सोमवार, दिनांक 28 जुलाई, 2025 (श्रावण 6, शक संवत् 1947)

**विधान सभा पूर्वाह्न 11:01 बजे समवेत हुई.**

**अध्यक्ष महोदय (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर) पीठासीन हुए.**

### 1. राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' का समूहगान

सदन की कार्यवाही राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' के समूहगान से प्रारम्भ हुई.

### 2. विशेष उल्लेख एवं बधाई

**श्रावण मास की बधाई एवं विधान सभा सचिवालय के अधिकारी/कर्मचारियों के ड्रेस कोड का उल्लेख.**

सदन की कार्यवाही के प्रारम्भ में श्री कैलाश विजयवर्गीय, संसदीय कार्य मंत्री द्वारा ये उद्गार व्यक्त किये कि –

''इस सावन की फुलवारी, सावन का महीना और इस सबके साथ आज सावन सोमवार भी है. मैं आपको और पूरे सदन को बधाई देता हूं और धीरे-धीरे लोक सभा को आप Replicate कर रहे हैं. वहां पर भी इस प्रकार का ड्रेस कोड है और आज आपके सचिवालय का ड्रेस कोड देख कर बड़ा आनन्द हुआ. सब बड़े खूबसूरत लग रहे हैं. आपका कलर का चयन भी बहुत अच्छा है. हिन्दी में बोलते हैं, आपकी रंगबाजी भी अच्छी है.''

### 3. निधन का उल्लेख

अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नलिखित के निधन पर सदन की ओर से शोकोद्गार व्यक्त किये गये :-

(1) राजा सुरेन्द्र बहादुर सिंह, भूतपूर्व विधान सभा सदस्य,
(2) श्री रघुनाथ चौधरी, भूतपूर्व विधान सभा सदस्य,
(3) श्री शिवशंकर लाल मुन्ना खेरी, भूतपूर्व विधान सभा सदस्य,
(4) श्री खेमराज पाटीदार, भूतपूर्व विधान सभा सदस्य,
(5) सरदार सुखदेव सिंह ढींढसा, भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री,
(6) डॉ. गिरिजा व्यास, भूतपूर्व केन्द्रीय उप मंत्री,
(7) श्री विजय कुमार रमणीकलाल रूपाणी, भूतपूर्व मुख्यमंत्री, गुजरात,
(8) श्री मनोज कुमार, सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता,
(9) श्री रामसहाय पांडे, सुप्रसिद्ध लोक कलाकार,
(10) दिनांक 22 अप्रैल, 2025 को कश्मीर के अनंतनाग के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मृत नौसेना के अधिकारी, मध्यप्रदेश के पर्यटक सहित अन्य पर्यटक, एवं
(11) दिनांक 12 जून, 2025 को अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान एआई - 171 के अचानक दुघर्टनाग्रस्त हो जाने से मृत यात्रियों सहित अनेक मेडिकल छात्र.

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री, श्री उमंग सिंघार, नेता प्रतिपक्ष, श्री भंवर सिंह शेखावत, श्री भूपेंद्र सिंह, श्री शैलेन्द्र कुमार जैन एवं श्रीमती अर्चना चिटनीस सदस्यगण द्वारा भी शोकोद्गार व्यक्त किये गए.

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन की ओर से शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की गई. सदन द्वारा कुछ देर मौन खड़े रहकर दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई.

तत्पश्चात् दिवंगतों के सम्मान में पूर्वाह्न 11.36 बजे विधान सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 29 जुलाई, 2025 (श्रावण 7, शक संवत् 1947) के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

**अवधेश प्रताप सिंह,**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा**

**भोपाल**
**दिनांक 28 जुलाई, 2025**